nt>

Title: Need to formulate plans to solve acute drinking water problem in Sitapur district, U.P.-Laid

श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र (सीतापुर) : वैसे तो हमारे देश में अनेक ऐसी समस्यायें हैं जिनका निराकरण करना बहुत ही आवश्यक हो गया है किन्तु इस समय जो सबसं गंभीर समस्या चल रही है जल संकट को और इसका कोई हल निकालते नज़र नहीं आ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव कोफा अन्नान द्वारा ज़ाहिर की गई यह आशंका बेबुनियाद नहीं कि ती,रा विश्व युद्ध पैट्रल के लिये नहीं बल्कि पानी के लिये लड़ा जायेगा। आज देश के विभिन्न हिस्सों में पानी के लिये जिस तरह का हाहाकार मचा हुआ है उससे हम कोफी अन्नान के कथन का अर्थ सहज ही समझ सकते हैं। गर्मी आते ही पानी की एक बाल्टी के लिये लोगों को लड़ते-झगड़ते देखा जा सकता है। यह भयावह स्थिति आये दिन उत्तर प्रदेश में स्थित सीकापुर जनपद में कहीं भी देखा जा सकता है, जहां पर पानी का स्तर नीचे चला गया है और कुएं वहां के सूख गये हैं। फलस्वरूप वहां के लोगों के पीने के लिये पानी काफी दूर दराज से आना पड़ता है। इस गर्मी के मौसम में वहां कुछ लगे हैंडपंप ही सहारा हैं किन्तु कहीं-कहीं वे भी खराब हो गये हैं जिसके चलते वहां पर पानी का अकाल सा पड़ा हुआ है।

अतः मैं जल संसाधन मंत्री से मांग करता हूं कि वहां के लोगों की समस्या को हल करने के लिये कोई ऐसी योजना तैयार करें ताकि वहां पर लोगों को पीने के लिये स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके औरउन लोगों के सामने उपस्थित इस समस्या का निदान हो जाये।